उत्तर पश्चिम रेलवे

थार रेल

नवम्बर 2025



4 नवम्बर

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (DLC) अभियान 4.0

उत्तर पश्चिम रेलवे में दिनांक 01 से 30 नवंबर 2025 तक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (DLC) अभियान 4.0 चलाया गया। इस अभियान का शुभारम्भ मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम से किया गया।



शुभारंभ कार्यक्रम में लगभग 90 पेंशनभोगियों द्वारा स्वयं अपने लाइव डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जारी किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख वित्त सलाहकार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, अन्य रेलवे अधिकारी, सहयोगी बैंक के अधिकारी एवं यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों को अपने जीवन प्रमाण पत्र डिजिटल माध्यम से जमा करने का एक सुविधाजनक और सहज तरीका प्रदान करना है।

इस अभियान के अंतर्गत 01 से 30 नवंबर 2025 तक मुख्यालय, सभी मंडल कार्यालयों, स्टेशनों और स्वास्थ्य इकाइयों एवं सहयोगी बैंको में विभिन्न कार्यदिवसों पर शिविर आयोजित किए गए, ताकि जीवन प्रमाण पत्र जमा करना सुगम और सुविधाजनक हो।









7 नवम्बर

महाप्रबंधक श्री अमिताभ का बीकानेर दौरा

महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने बीकानेर का एक दिवसीय दौरा किया। दौरे में महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक





एवं मंडल के अधिकारियों के साथ कार्य समीक्षा बैठक की। बैठक में महाप्रबंधक ने बीकानेर मंडल में चल रहे विकास कार्यों एवं विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

7 नवम्बर

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन का आयोजन

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मे उत्तर पश्चिम रेलवे पर वंदे मातरम् के पूर्ण संस्करण के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गायक बंधु पद्मश्री उस्ताद मोहम्मद हुसैन एवं अहमद हुसैन ने सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारिगणों एवं कर्मचारिगणों द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के साथ-साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा आकर्षक तिंरगा रैली निकाली गई एवं ब्रास बैंड के दस्ते द्वारा राष्ट्रगीत पर मनमोहक धुन प्रस्तुत की गई।

बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्री अमिताभ, मंडल रेल प्रबंधक बीकानेर, मंडल के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत गाया। मंडलों एवं कारखानों पर भी राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया।



















बीकानेर स्टेशन महोत्सव समारोह

बीकानेर रेलवे स्टेशन पर ''बीकानेर स्टेशन महोत्सव समारोह'' का आयोजन किया गया। महोत्सव के मुख्य अतिथि श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री रहे। महोत्सव में श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री का स्वागत स्काउट एवं गाइड बैंड परेड द्वारा किया गया।



इस अवसर पर बीकानेर रेलवे स्टेशन पर बीकानेर स्टेशन के विकास के ऐतिहासिक सफर को दर्शाती हुई एक रोचक एवं मनमोहक प्रदर्शनी लगाई गयी है। प्रदर्शनी का श्री अर्जुन राम मेघवाल माननीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्यि मंत्री ने शुभारंभ किया। श्री अर्जुन राम मेघवाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली।

समारोह में श्री अर्जुन राम मेघवाल माननीय विधि एवं न्याय (स्वातंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्यस मंत्री, महाप्रबंधक श्री अमिताभ, अन्य अतिथियों एवं आमजनों ने सामूहिक ''वंदे मातरम्'' गीत गाया। इस अवसर पर ''स्टेशन महोत्सव'' पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। समारोह में स्कूलों में ''स्टेशन महोत्सव'' पर आयोजित चित्रकला, निबंध आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।



















15–16 नवम्बर

स्टेट लेवल हाइक-कम-स्टडी टूर का आयोजन

उत्तर पश्चिम रेलवे स्टेट भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा 15 से 16 नवंबर 2025 तक डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग सेंटर, सवाई माधोपुर में पहले स्टेट लेवल हाइक–कम–स्टडी टूर का आयोजन किया गया। टूर में डॉ. लक्ष्मी मीणा, अध्यक्ष, मुख्यालय शाखा सहित अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर और मुख्यालय शाखा के कुल 30 सदस्यों ने भाग लिया।





16 नवम्बर

महाप्रबंधक श्री अमिताभ "डिस्टिंगुइश्ड एलुमनी अवार्ड" से सम्मानित

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNNIT), इलाहाबाद, प्रयागराज द्वारा महाप्रबंधक श्री अमिताभ को लोक प्रशासन और सार्वजनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण योगदान देने के लिए डिस्टिंगुइश्ड एलुमनी अवार्ड (प्रतिष्ठित मोती – व्यावसायिक उत्कृष्टता पुरस्कार – 2025) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार व्यावसायिक उत्कृष्टता, नवाचार और समाज सेवा के उच्च मानकों को प्रोत्साहित करता है।





जनजातीय गौरव दिवस

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में सभी विभागाध्यक्ष, मान्यताप्राप्त यूनियनों के पदाधिकारीगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक, मान्यता प्राप्त यूनियनों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान तथा आदर्शों पर विचार रखे।

मंडलों पर भी जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया।













18 नवम्बर

महाप्रबंधक श्री अमिताभ का जोधपुर दौरा

महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने एक दिवसीय जोधपुर दौरा किया। दौरे में महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक एवं मंडल के अधिकारियों के साथ कार्य समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक ने जोधपुर मंडल में चल रहे विकास कार्यों एवं विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में गति शक्ति यूनिट (GSU) के अंतर्गत छोटे स्टेशनों पर हो रहे विकास कार्य, संरक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे, रिमोडलिंग कार्य, पिटलाइन और वाशिंग लाइन की प्रगति तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। दौरे के दौरान महाप्रबंधक अमिताभ ने मंडल परिसर स्थित नवनिर्मित रिमोट कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों से संवाद किया।





19 नवम्बर

मुख्यालय पर ''संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक'' का आयोजन

उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर महाप्रबंधक श्री अमिताभ की अध्यक्षता में सभी विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधको के साथ ''संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक'' बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संरक्षा, कार्य निष्पादन, निर्माण कार्य, पूंजीगत आय, रेलवे ट्रैक की फेसिंग, समपार फाटक को बंद करने, यात्री सुविधाएं तथा आय बढ़ाने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने सभी विभागाध्यक्षों को सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता के साथ कार्य करने तथा नियमित निरीक्षण करने और सर्दियों के दौरान संरक्षित रेल संचालन के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों की समय समय पर काउंसलिंग कर संरक्षा अभियान चलाये जाने के दिशा – निर्देश दिए।

बैठक में महाप्रबंधक ने संरक्षित रेल संचालन में अपना विशिष्ट योगदान देने पर श्री गिल्ली – किशन, ट्रैक मैनटेनर –II, श्री इकरान अमीन, ट्रैक मैनटेनर –III, अजमेर मंडल, श्री शुभम कुमार सविता, की–मैन, जोधपुर मंडल, श्री रामकेश बैरवा, लोको पायलेट एवं श्री नरेश परिहार, सहायक लोको पायलेट जयपुर मंडल को सम्मानित किया।







20 नवम्बर

सुश्री नूपुर ने जीता स्वर्ण पदक



ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में दिनांक 14 से 21 नवंबर 2025 तक आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल 2025 में सुश्री नूपुर ने 80 कि ग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

21 नवम्बर

न्यायिक प्रकरणों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

प्रधान कार्यालय, जयपुर में अपर महाप्रबंधक की अध्यक्षता में लम्बित न्यायिक प्रकरणों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान अपर महाप्रबंधक ने लंबित अवमानना प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। अपर महाप्रबंधक ने न्यायालय में जवाब प्रस्तुत करने से पूर्व संबंधित अधिकारियों, मुख्य विधि सहायकों तथा रेलवे अधिवक्ताओं के साथ आंतरिक बैठक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि रेलवे का पक्ष पूर्ण तथ्यों एवं सही वास्तुस्थिति के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जा सके। साथ ही उन्होंने लंबित अनुपालना की नियमित म□निटरिंग पर जोर देते हुए इसे निर्धारित समय–सीमा में सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर महाप्रबंधक ने अजमेर मंडल के श्री विनय कुमार सिंह को सर्वश्रेष्ठ मुख्य विधि सहायक के रूप में चयनित होने पर प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।



22 नवम्बर

"IRAS Day" भारतीय रेलवे लेखा दिवस मनाया गया

उत्तर पश्चिम रेलवे के उमंग क्लब, जयपुर में ''IRAS Day'' भारतीय रेलवे लेखा दिवस मनाया गया। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि कपूर, सेवानिवृत IRAS अधिकारी रहीं। इस अवसर पर प्रमुख वित्त सलाहकार ने उत्तर पश्चिम रेलवे के लेखा विभाग द्वारा वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता तथा संसाधनों के कुशल एवं मितव्ययी उपयोग में निभाई जा रही महत्वपूर्ण एवं नेतृत्वकारी भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के तकनीकी सत्र के दौरान Digital Life Certificate (DLC) अभियान तथा रक्षा एवं सामरिक सुरक्षा के क्षेत्र में भारतीय रेल के योगदान विषयों पर रुचिकर प्रस्तुतीकरण दिए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से रेलवे की सामाजिक उत्तरदायित्व, पेंशनरों के हित संरक्षण तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण आयामों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि कपूर, सेवानिवृत IRAS, प्रमुख वित्त सलाहकार एवं मुख्यालय एवं मंडलों के अधिकारियों उपस्थित रहें।





23–29 नवम्बर

19वें राष्ट्रीय जंबूरी ग्रेंड फिनाले डायमंड जुबली जंबूरी में उत्तर पश्चिम रेलवे का उत्कृष्ट प्रदर्शन

23 से 29 नवंबर तक लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में 19वें राष्ट्रीय जंबूरी ग्रेंड फिनाले डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन किया गया। जंबूरी में उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्यालय एवं सभी मंडलों के 175 स्काउटएवं गाइडव यूनिटलीडर्स ने भाग लिया।

जंबूरी में उत्तर पश्चिम रेलवे ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, फूड प्लाजा, परेड, फोक डांस, फिजिकल डिस्पले, पारंपरिक परिधान शो, स्टेट गेट, प्रेजेंट शो प्रदर्शनी, आदि में भाग लिया। जंबूरी में उत्तर पश्चिम रेलवे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3 प्रतियोगिताओं में I ग्रेड, 10 प्रतियोगिताओं में ठ ग्रेड एवं 3 प्रतियोगिताओं में ब ग्रेडप्राप्त की।





26 नवम्बर

संविधान दिवस

संविधान दिवस के 75 वर्ष के अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्री ने सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान सभी ने संविधान के मूलभूत आदर्शों का पालन करने और राष्ट्र की एकता व अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का



संकल्प लिया। उत्तर पश्चिम रेलवे का यह आयोजन देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक नैतिकता के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मंडलों पर भी ''संविधान दिवस'' मनाया गया।







28 नवम्बर

महाप्रबंधक श्री अमिताभ का जैसलमेर दौरा

महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने जैसलमेर दिवसीय दौरा किया। निरीक्षण में महाप्रबंधक ने जैसलमेर स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया।





29 नवम्बर

स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस जैसलमेर-दिल्ली (शकूरबस्ती) नई रेलसेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ

''स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस'' जैसलमेर–दिल्ली (शकूरबस्ती) नई रेलसेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने जैसलमेर–दिल्ली (शकूरबस्ती) नई रेलसेवा की उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर माननीय रेल मंत्री ने जनभावनाओं के अनुरूप इस रेल सेवा का नामकरण स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में स्कूलों के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शुभारम्भ से सम्बंधित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में श्री उम्मेदा राम बेनीवाल माननीय सांसद बाड़मेर, श्री कैलाश चौधरी माननीय पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, श्री छोटू सिंह, माननीय विधायक जैसलमेर, श्री पब्बा राम, माननीय विधायक फलौदी, श्री प्रताप पुरी माननीय विधायक पोकरण सहित जनप्रतिनिधियों तथा सेना, बीएसएफ एवं एयर फ़ोर्स के जवानों की गरिमामय उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के उपरांत श्री अश्विनी वैष्णव माननीय रेल मंत्री तथा श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने जैसलमेर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान माननीय रेल मंत्री एवं माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने आगमन व प्रस्थान प्लाज़ा, बिल्डिंग मैनेजमेंट सर्वर रूम, एयर कोनकोर्स का जायजा लिया एवं कार्यों की सराहना की।

















माह के प्रमुख हिंदी साहित्यकार



हरिवंश राय बच्चन

जन्मतिथि: 27 नवंबर 1907 पुण्यतिथि: 18 जनवरी 2003

हरिवंश राय बच्चन हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कवि और गीतकार थे। हरिवंशराय बच्चन का जन्म एक संभ्रांत कायस्थ परिवार में हुआ था। बाल्यकाल में इनको श्बच्चनश कहा जाता था और बाद में ये इसी नाम से प्रसिद्ध हुए। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेज़ी साहित्य के प्राध्यापक के रूप में कार्य किया और बाद में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में भी सेवा दी। बच्चन जी की कविताओं में जीवन, प्रेम, पीड़ा, संघर्ष और दर्शन का सुंदर संगम देखने को मिलता है। वे छायावादोत्तर युग के प्रमुख कवियों में गिने जाते हैं। हरिवंश राय बच्चन ने हिंदी कविता को सरल, मधुर और दार्शनिक अभिव्यक्ति दी। उनकी प्रसिद्ध कृति मधुशाला ने उन्हें अमर बना दिया। उनकी कविताओं में मानवीय संवेदनाएँ, आशा और जीवन–दर्शन की झलक मिलती है।

प्रमुख रचनाएं –

मधुशाला, मधुबाला, मधुकलश, निशा निमंत्रण, सोपान, नीड़ का निर्माण फिर, बसेरे से दूर, क्या भूलूं क्या याद करूं (आत्मकथा) इत्यादि हैं।




सोशल मीडिया


उत्तर पश्चिम रेलवे
पंडित जवाहरलाल नेहरू
भारत के प्रथम प्रधानमंत्री
की
जयंती
और बच्चों के प्रति उनके असीम प्रेम और
उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के प्रतीक
बाल दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!


राष्ट्रीय प्रेस दिवस
16 नवम्बर
प्रेस की स्वतंत्रता और जिम्मेदारी लोकतंत्र की रीढ़ है
उत्तर पश्चिम रेलवे


उत्तर पश्चिम रेलवे
जयपुर स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
18 नवंबर


संविधान
दिवस
26 नवम्बर
की
हार्दिक शुभकामनाएं
"मुझे वह धर्म पसंद है जो स्वतंत्रता,
समानता और बंधुत्व सिखाता है।"
डॉ. भीमराव अम्बेडकर
उत्तर पश्चिम रेलवे


उत्तर पश्चिम रेलवे
"Ask the right questions, and
nature will open the doors to her secrets."
C.V. Raman
महान वैज्ञानिक, भौतिकी
में नोबल पुरस्कार से
सम्मानित, भारत रत्न
डॉ. चन्द्रशेखर वेंकट रमन जी
की पुण्यतिथि पर उन्हें
शत्-शत् नमन।
21 नवम्बर


75
Glorious
Years
THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES
Foundation Day
07th November

राजभाषा


#आज का सुविचार
मनुष्य की
आत्मा
एक अजर, अमर,
अविनाशी तथा शाश्वत
शक्ति
है।
– ज्ञानेश्वरी गीता
उत्तर पश्चिम रेलवे


"#आज_का_शब्द"
FAULTLESS
दोष रहित, त्रुटिरहित
Usages in English
The officer is known for his faultless performance.
Usages in Hindi
यह अधिकारी अपने त्रुटिरहित निष्पादन के लिए जाने जाते हैं।


#आज का सुविचार
मानव की
सफलता
का मुख्य सूत्र उसका
आत्मविश्वास
ही होता है।
– इमर्सन
आत्मविश्वास की ताकत
उत्तर पश्चिम रेलवे


"#आज_का_शब्द"
HANDBILL
पर्चा, इश्तहार
Usages in English
The department distributed handbills calling for better participation of youths.
Usages in Hindi
विभाग ने युवकों की बेहतर भागीदारी के लिए इश्तहार वितरित किए।


#आज का सुविचार
मनुष्य की
आत्मा
को केवल आत्मा की
आवाज
ही जगा सकती है।
– मुंशी प्रेमचंद
उत्तर पश्चिम रेलवे


"#आज_का_शब्द"
GENERAL
जनरल, सामान्य
Usages in English
1. The General's visit to the border area is part of preparations for the deployment of extra troops.
2. The committee gave a general description of the plan.
Usages in Hindi
1. सीमावर्ती क्षेत्र में जनरल का दौरा अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की तैयारी का हिस्सा है।
2. समिति ने योजना का सामान्य विवरण दिया है।

01 नवम्बर

मुंबई पत्रकार दल का राजस्थान दौरा

मुंबई पत्रकार दल ने राजस्थान का दौरा किया। दौरे के प्रथम दिन पत्रकार दल ने भगत की कोठी (जोधपुर) स्थित वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान वरिष्ठ मंडल अभियंता (यांत्रिक) जोधपुर ने पत्रकार दल को वंदे भारत मेंटेनेंस डिपो के निर्माण एवं विकसित की जा रही मेंटेनेंस सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। पत्रकार दल द्वारा जोधपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का भी अवलोकन किया गया।

इस क्रम में 08 नवंबर को पत्रकार दल ने गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का भी अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, उत्तर पश्चिम रेलवे ने सभी मुख्य परियोजनाओं एवं पुनर्विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उप मुख्य निर्माण अधिकारी ने पत्रकार दल को गांधीनगर जयपुर स्टेशन किए जा रहे निर्माण कार्य एवं यात्री सुविधाओं की जानकारी दी।





01 नवम्बर

फेज्ड ऐरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (PAUT) का उपयोग प्रारंभ

बीकानेर मंडल पर रेल परीक्षण हेतु फेज्ड ऐरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (PAUT) का उपयोग प्रारंभ किया गया। फेज्ड ऐरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (PAUT) का प्रयोग, सम्पूर्ण भारतीय रेल में पहली बार किया जा रहा है। यह यात्रियों और ट्रेनों की संरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



26 नवम्बर

प्रयागराज-लालगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा का खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव

गाडी संख्या 12403/04 प्रयागराज–लालगढ़–प्रयागराज सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा का खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ किया गया।

श्रीमती मंजू शर्मा, माननीया सांसद जयपुर शहर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गाडी संख्या 12404 लालगढ़–प्रयागराज सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव के पश्चात हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।





26 नवम्बर

बांदीकुई स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज गर्डर का आखिरी स्पैन लॉन्च

गति शक्ति जयपुर यूनिट ने बांदीकुई स्टेशन पर पुराने 1.8 मीटर चौड़े FOB के स्थान पर 12.0 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज गर्डर (एक स्पैन में 11 गर्डर) के आखिरी स्पैन की लॉन्चिंग सफलतापूर्वक पूर्ण की।



27 नवम्बर

अजमेर मंडल पर मॉक ड्रिल का आयोजन

अजमेर मंडल पर रेलवे, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा अन्य एजेंसियो द्वारा दौराई स्टेशन यार्ड में रेल दुर्घटना संबंधित मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन के उपलब्ध संसाधनों की जांच करते हुए एवं निर्धारित मापदंड के अनुसार सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।





सर्दियों तथा कोहरे के मौसम में संरक्षित रेल संचालन के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे रेलवे पूर्ण मुस्तैद

रेल संचालन में संरक्षा हेतु फॉग सेफ्टी डिवाइस सहित किये विशेष प्रबन्ध

उत्तर भारत में सर्दियों के मौसम में कोहरे की अधिकता के कारण मुख्यत: रेल यातायात भी प्रभावित होता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर एवं बीकानेर मण्डल के रेलखण्ड प्रमुखत: कोहरे की अधिकता से प्रभावित रहते है। कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डो में रेलसेवाओं के सुरक्षित संचालन के लिये रेलवे ने विशेष अतिरिक्त प्रबन्ध किये है। जिसमें सम्बंधित विभाग इंजीनियरिंग, सिगनल एंव दूरसंचार, विद्युत, यांत्रिक, परिचालन व संरक्षा विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की परिस्थिति में संरक्षित रेल संचालन हेतु दिशानिर्देश जारी किये गए है।

सर्दियों के मौसम में कोहरे की अधिकता के दौरान गाडी संचालन में संरक्षा एवं सुरक्षा को देखते उत्तर पश्चिम रेलवे पर विशेष प्रंबध किये गए है। संरक्षित रेल संचालन को सुनिश्चित करने के लिये श्री अमिताभ, महाप्रबंधक–उत्तर पश्चिम रेलवे ने सभी विभागाध्यक्षों को सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए समीक्षा बैठक में भी निर्देशित किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डों में चलने वाली समस्त रेलसेवाओं के लोको पायलेट को फोग सेफ्टी डिवाईस उपलब्ध करवाये गए है। सम्पूर्ण उत्तर पश्चिम रेलवे पर लगभग 1500 फोग सेफ्टी डिवाईस उपलब्ध है एवं इन सभी में धुन्ध/कोहरे वाले रेलखण्ड की जीपीएस मैपिंग कर दी गई है। इस रेलवे के जयपुर एवं बीकानेर मण्डल पर प्राय: धुन्ध एवं कोहरे की अधिकता रहती है। इस कारण इन मण्डलों पर अधिक संख्या में फोग सेफ्टी डिवाईस का प्रयोग किया जाता है। फोग सेफ्टी डिवाईस को इंजन पर लगा दिया जाता है, यह डिवाईस ऑन होने के बाद जीपीएस प्रणाली द्वारा उस खण्ड में स्थित सभी सिग्नलों की दूरी के बारे में लोको पायलेट को पूर्व में ही अवगत कराता रहता है। जिससे लोको पायलेट अपनी गाडी की स्पीड की नियंत्रित कर संरक्षा सुनिश्चित करता है।

इसके अतिरिक्त कोहरे वाले रेलखण्डों में सभी स्तर के कर्मचारियों के लिए सेफ्टी सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है तथा कम तापमान के दौरान रेल/वेल्डिंग फेलियर की पहचान कर उनको रिपेयर किया जा रहा है तथा फिश प्लेटों का अनुरक्षण, ट्रेक रिन्यूअल जैसे कार्य पूरे किए जा रहे है। कोहरे वाले रेलखण्ड के स्टेशनों, समपार फाटकों एवं पूर्व चिन्हित जगहों पर डेटोनेटर (पटाखे) की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। लोको पायलेटको सिगनल एवं अन्य संकेतको की दृश्यता ठीक प्रकार से दिखे इसके लिए संकेतको पर पुन: पेटिंग एवं चमकीले साईन बोर्ड तथा संकेतको के पास गिट्टियों को चुने से रंगा गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे खण्ड में पेट्रोलिंग की आवृति को बढाकर रेलपथ की निगरानी को बढाया गया है। कोहरे के मौसम में संरक्षा को सुदृढ करने के लिए रेलकर्मियों के विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था, निरीक्षकों/अधिकारियों द्वारा रेलवे स्टॉफ की सजगता (Alertness) को लगातार चौक किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे कोहरे के मौसम में रेलयात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा हेतु कटिबद्ध है।



उत्तर पश्चिम रेलवे की राजस्व प्राप्ति में अभूतपूर्व उपलब्धि

वित्त वर्ष 2025-26 में अक्टूबर माह तक प्राप्त किया 4780 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड राजस्व

उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2025 –26 में अक्टूबर माह तक उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन करते हुए 4780 करोड़ रुपए का आरंभिक सकल राजस्व प्राप्त किया है जो पिछले वित्त वर्ष 2024 –25 में इसी अवधि (अप्रैल से अक्टूबर) में प्राप्त राजस्व 4646 करोड़ रुपए से लगभग 3 प्रतिशत अधिक है। यह उपलब्धि उत्तर पश्चिम रेलवे के इतिहास में एक मील का पत्थर है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार महाप्रबंधक श्री अमिताभ के दिशा–निर्देश में उत्तर पश्चिम रेलवे अपने आय में निरंतर वृद्धि प्राप्त कर रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडलों पर बिजनेस डेवलेपमेंट यूनिट्स का गठन किया गया है जो मालभाडा और पार्सल आय बढ़ाने के लिए व्यापारियों के साथ बैठक कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही विशेष ट्रेनों के संचालन, फेरो में बढ़ोतरी और डिब्बों के बढ़ोतरी करने से यात्री भार में भी बढ़ोतरी हुई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे ने अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 की अवधि में आय प्राप्ति के सभी मदों में वृद्धि प्राप्त की है। इसमें पिछले वर्षों के श्रेष्ठ प्रदर्शन से आरक्षित टिकटों की बिक्री से आय में 3.65 प्रतिशत अनारक्षित टिकटों की बिक्री से आय में 5.58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान यात्री भार में भी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 40 लाख की वृद्धि हुई है। साथ ही अन्य कोचिंग आय में 4.90 प्रतिशत, टिकट चेकिंग आय में 18.64 प्रतिशत, पार्किंग और विज्ञापन आय में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त की है।

इसमें उल्लेखनीय रूप से माह अगस्त 2025 में यात्री आय में उत्तर पश्चिम रेलवे ने 335 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया जो पिछले सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन माह मार्च 2025 में अर्जित यात्री आय 319 करोड़ रुपए की आय से 16 करोड़ रुपए अधिक है। इसी तरह सितंबर 2025 में पार्सल आय और पार्किंग आय में पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने विशेष योजनाएं बना कर उनका समय पर निष्पादन किया। त्यौहारों और परीक्षा आदि विशेष अवसरों पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन की पूर्ण एवं अग्रिम योजना बनाई गई जिसमें ट्रेनों के संचालन की दिशा का विशेष ध्यान रखा गए। दुर्गा पूजा, और छठ पूजा इत्यादि पर पूर्वी भारत की ओर विशेष ट्रेनों के संचालन का ध्यान रखा गया। पार्किंग, विज्ञापन, खानपान के निविदा और करार अग्रिम तैयारी के साथ पूर्ण किए गए। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य पूरे होने पर इन मदों से आय में और अधिक वृद्धि की संभावना है। टिकट चेकिंग में भी समय समय पर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।मंडलों के अधिकारियों के साथ मुख्यालय से भी मुख्य वाणिज्य प्रबंधक स्तर के अधिकारी भी इस अभियान में शामिल हुए।



उत्तर पश्चिम रेलवे

उत्तर पश्चिम रेलवे पर नवम्बर माह की ई – बुलेटिन



उत्तर पश्चिम रेलवे

सुरक्षित एवं तेज संपर्क, उत्तर पश्चिम रेलवे के संकल्प

www.nwr.indianrailways.gov.in

FOLLOW US @NWRailways @NWRailways_